अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

राष्ट्रीय सेवा योजना

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग

राष्ट्रीय सेवा इकाई अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के गोद ग्राम देवरीखुर्द काठाकोनी, तखतपुर में स्वच्छता मेला का किया आयोजन

रासेयो के छात्रों ने गांवों में स्वच्छता मेला का आयोजन किया

बिलासपुर, 29 जुलाई (हाईवे चैनल)। भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ भारत समर इंटर्नशीप 10 जून से 30 जुलाई के तहत विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के इंटर्नशिप छात्रों ने इस कार्यक्रम के द्वारा आज के विभिन्न विषयों को लेकर गावों में स्वच्छता मेला का आयोजन किया।

जिसमें छात्रों ने विश्वविद्यालय के गोदग्राम देवरी खुर्द कठकोनी तखतपुर मे साप्ताहिक बाजार व गावों का भ्रमण किया एछात्रों ने गाव के बाजार में रोजमर्रा से निकले लोकल वेस्ट को मैनेज करने का तरीकाए पॉलीथिन कि जगह कागज व कपड़े से बने बैगों के उपयोग को बढ़ावा देने व गावों में संपूर्ण स्वच्छता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलायाए जो गावों के लिए निश्चित ही लाभप्रद होगा। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्रों को ग्राम के लोगो का भी सहयोग मिला, छात्रों ने गाव के बाजार में स्वनिर्मित बैग्स भी बांटे तथा प्लास्टिक के बैग्स का उपयोग ना करने की समझाइश भी दी। अंत में छात्रों द्वारा ग्राम देवरी खुर्द में स्लोगन्स व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो में जागरूकता फैलाने की पहल भी की। रासेयो के बैनर तले इस ष्ड्रेप इंटर्नशिप, वेस्ट मैनेजमेंट, स्वच्छता कार्यक्रम को करने में वरिष्ठ स्वयं सेवक ईश्वर धनकर तथा छात्र सूरज सिंह राजपूत, हर्षित सिंह, योगेश चंद्रा, दीपक आदिले, सौरभ सिंह भी उपस्थित रहे। यह सब कार्य अटल विवि शिक्षण विभाग के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो गौरव साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।